प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने अपने पहले बजट की घोषणा को पूरा करते हुए कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मुआवजा राशि देने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले के शाहपुर क्षेत्र के जुगेहड़ गांव के भूमि मालिकों को मुआवजा राशि के तौर पर कुल 32 करोड़ 50 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन भूमि मालिकों को मुआवजे के साथ–साथ पुनर्वास व पुर्नस्थापन के लिए लगभग 35 सौ करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है ताकि क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिल सके।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस दौरान नई होम स्टे नीति को भी मंजूरी मिलने की संभावना है।

गोकुल बुटेल

प्रदेश में डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन विभाग कृषक, चरित्र और बोनाफाइड प्रमाण पत्र से लेकर कई सरकारी सर्वे सहित 2 सौ 75 तरह की ऑनलाइन सेवाएं लोगों को प्रदान कर रहा है। इन सेवाओं के दौरान पेश आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने एक डिजिटल हैल्पलाइन की स्थापना की है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार आई टी गोकुल बुटेल ने कल शिमला में इस हैल्पालाइन 0–1–7–7–3–5–2–5–1–0–1 का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार के पॉलिसी मेकिंग में भी डिजिटल सेवाएं अपनी भूमिका अदा कर रही हैं और वर्ष 2016 में 51 सेवाओं के साथ डिजिटल सेवाओं की शुरूआत की गई थी जो अब बढ़कर 2 सौ 75 हो गई हैं।

संगीत महोत्सव

भाषा व संस्कृति विभाग द्वारा आज से 24 अक्तूबर तक शिमला संगीत महोत्सव 2024 का आयोजन गेयटी थियेटर में किया जा रहा है। विभाग के निदेशक डॉक्टर पंकज ललित ने कहा कि संगीत महोत्सव प्रतिदिन सांय साढ़े पांच बजे आरम्भ होगा और इसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि संगीत महोत्सव का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे।

## पीएम किसान

केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए बेहद मददगार साबित हो रही है। योजना के तहत किसानों के बैंक खातों में साल में 6 हजार रूपए हस्तांतरित होने से उन्हें कृषि कार्यों में सुविधा हो रही है। चंबा जिला के किसानों ने इस योजना से मिली राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

## एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने संजौली मस्जिद विवाद से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है संजौली मस्जिद की अवैध मंजिलें गिराने का काम शुरू, हाईकोर्ट के आदेश–8 हफ्ते में निपटाएं विवाद। दैनिक भास्कर का शीर्षक है संजौली मस्जिद की अवैध मंजिलें गिराने का काम शुरू, टूटने में लगेंगे सात दिन। पंजाब केसरी लिखता है वक्फ बोर्ड से मिल अनुमति–संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण को तोड़ने का काम शुरू। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं वक्फ बोर्ड से अनुमति के बाद तीन मंजिलों को गिराने का काम शुरू। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है हिमाचल पहला राज्य, जिसने मस्जिद का अवैध हिस्सा गिराकर दी भाईचारे की मिसाल।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है सोशल मीडिया से कमाई करने वाले मुलाजिमों पर सरकार का शिकंजा–व्लॉग्स बनाने जैसी गतिविधियों के लिए लेनी होगी मंजूरी।

अब तुरंत दर्ज करवा सकेंगे साइबर ठगी की शिकायत शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने किया साइबर विंग के सीवाई स्टेशन का शुभारंभ। आपका फैसला का कहना है सीएम ने 8 करोड़ 28 लाख से निर्मित सक्षम बच्चों के संस्थान के नए भवन का लोकार्पण किया। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार साइबर ठगी में हिमाचल के 11 हजार 4 सौ 82 बैंक खाते फ्रीज।

अमर उजाला की एक खबर है अस्थायी कर्मियों को भी 28 अक्तूबर को मिलेगा मानदेय, अधिसूचना जारी।